SI. No. :

नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions – 23

No. of Printed Pages – 02

E-हिन्दी

# प्राथमिक शिक्षा अधिगम स्तर, मूल्यांकन पत्रक-1
# कक्षा – 5
# हिन्दी

समय : 2.30 घण्टे ] [ पूर्णांक : 80

**विद्यार्थी हेतु सामान्य निर्देश –**

1. विद्यार्थी सर्वप्रथम अपने नामांक, दिनांक आदि की पूर्तियाँ करें।
2. प्रत्येक प्रश्न हिन्दी विषय के लिये निर्धारित अधिगम क्षेत्र के अनुसार है।
3. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।
4. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर प्रश्न-पत्र में दिये गये निर्धारित स्थान पर ही लिखें।
5. जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।
6. सभी प्रश्नों के अंक उनके सामने अंकित हैं।

**पढ़ना, पढ़कर समझना और लिखना (गद्य)** अंक–22

**✪ निर्देश– सही उत्तर का क्रमाक्षर कोष्ठक में लिखिए–**

1. सेठ ने लड़के को परिश्रम के बदले कितने पैसे दिए–
(अ) एक रुपया (ब) चवन्नी (स) आठ आने (द) चार पैसे ( ) 1

2. महात्माजी के लिए दोनों भाई क्या लाए–
(अ) सोना (ब) फल (स) भोजन (द) कपड़ा ( ) 1

3. देवता और दानव कहाँ गए–
(अ) विष्णु के पास (ब) शिवजी के पास (स) प्रजापति के पास (द) नारद के पास ( ) 1

**✪ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक पंक्ति में दीजिए–**

4. हमें प्रतिदिन क्यों नहाना चाहिए? 1
5. मतदान करने की न्यूनतम आयु कितनी होनी चाहिए? 1
6. सदाचार सफलता प्राप्त करने का कार्य क्यों है? 1

**✪ निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

7. भगिनी निवेदिता ने देश के लिए कौन-कौन से कार्य किए? 3
8. कबड्डी के खेल में अंक-निर्धारण किस तरह होता है? 3
9. **खंड 'अ' के शब्दों को खंड 'ब' के शब्दों से मिलान कीजिए–** 4

| खंड 'अ' | खंड 'ब' |
|---|---|
| मैच खिलाने वाला | पाला |
| कबड्डी देने वाला | फाउल |
| कबड्डी का मैदान | रेडर |
| खेल का नियम टूटना | रेफरी |

10. सुबह जैसलमेर के करीब पहुँचे तो देखा सूरज की किरणें जैसलमेर दुर्ग के पाषाण कणों को चमका रही हैं। जैसलमेर पहुँचे। होटल में ठहरे। तैयार होकर घूमने निकले। सबसे पहले किले को देखना तय हुआ। किला त्रिकूट पहाड़ी पर बना हुआ है। इसे त्रिकूटगढ़ नाम से भी जाना जाता है। महारावल राव जैसल ने इसका निर्माण करवाया। हम प्रथम पोल, अखैपोल से होते हुए दुर्ग के ऊपर पहुँचे। किले की सड़क भी पत्थरों की बनी हुई है। वहाँ हमने रंग महल, मोती महल, जैन मंदिर देखे। लक्ष्मीनाथजी के दर्शन भी किए।



www.rajteachers.com

**निम्नांकित प्रश्नों के उत्तर उपर्युक्त गद्यांश को पढ़कर दीजिए—**

1. सूरज की किरणें किसको चमका रही थीं। 1½
2. त्रिकूटगढ़ का निर्माण किसने कराया? 1½
3. जैसलमेर किले के दर्शनीय स्थानों के नाम लिखिए। 1½
4. जैसलमेर दुर्ग के प्रथम पोल का नाम लिखिए। 1½

## पढ़ना, पढ़कर समझना और लिखना (पद्य) — अंक–13

11. 'किताबें' कविता के रचनाकार हैं— 1
(अ) सफदर हाशमी (ब) मिर्जा गालिब (स) मकबूल हुसैन (द) इकबाल ( )
12. 'मुझसा बुरा न कोय' कहकर कवि ने क्या संकेत किया है? 3
13. कवि ने मानव को मानवता से नाता जोड़ने की बात क्यों कही है? 3
14. दिए गए शब्दों में से सही शब्द का चयन कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए— 6
(अचरज, भाईचारे, मल्हार, समाज, छिटकाय, बुरा)
(i) जो दिल खोजा आपणा, मुझसा ............. न कोय। (ii) रहिमन धागा प्रेम का मत तोड़ो .............।
(iii) इस धरती को स्वर्ग बनाएँ, आओ नया ............. बनाएँ। (iv) घर बाहर झूले ही झूले गाते राग ............. हैं।
(v) ............. का संदेश, लें ईद मुबारक आती है।
(vi) उँगली दाँतों तले दबाई ............. से संसार ने।

## व्यावहारिक व्याकरण — अंक–13

15. समुद्र का समानार्थी शब्द है— 1
(अ) बारिद (ब) जलज (स) सागर (द) तोय ( )
16. **(अ)** निम्नलिखित मुहावरों का वाक्य प्रयोग कीजिए— 2
(i) आँखें बिछाना (ii) काँटा दूर करना
**(ब)** निम्नलिखित शब्दों के लिंग परिवर्तन कर पुनः लिखिए— 2
(i) विदुषी (ii) लड़का (iii) कृष्णा (iv) पंडित
17. **(अ)** दिए गए वाक्य में से क्रिया व संज्ञा पद छाँटिए— वैभव बाजार जाता है। 2
**(ब)** दिए गए वाक्य में से सर्वनाम व विशेषण पद छाँटिए— वह सीधी गाय है। 2
18. **(अ)** निम्नलिखित शब्दों में से मूल शब्द व उपसर्ग को अलग-अलग कीजिए— 2
(i) अनुगमन (ii) अपशब्द
**(ब) निम्नलिखित शब्दों में से मूल शब्द व प्रत्यय को अलग-अलग कीजिए—** 2
(i) सामाजिक (ii) आनंदमय

## सृजनात्मक अभिव्यक्ति — अंक–24

19. अपने विद्यालय के वार्षिकोत्सव समारोह के अनुभव को संवाद रूप में लिखिए। 4
20. **निम्नलिखित में से किसी एक कहानी को कल्पना के आधार पर लिखिए—** 8
(अ) बंदर और मगरमच्छ (ब) वायु और सूर्य

*अथवा*

निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर दस पंक्तियों में निबंध लिखिए—
(अ) बालश्रम (ब) पुस्तकालय (स) खिलाड़ी (द) दूरदर्शन
21. अपने को वेदप्रताप मानते हुए अस्वस्थता के कारण अपने प्रधानाध्यापक को अवकाश हेतु प्रार्थनापत्र लिखिए। 6
22. **दिए गए वाक्यों को पढ़कर वर्ग पहेली पूर्ण कीजिए—** 6
(i) दास का स्त्रीलिंग ............... (ii) एक अन्न ...............
(iii) जन्म देने वाली .................. (iv) पालन-पोषण करने वाली .............
(v) देवताओं की एक जाति .......... (vi) रुकावट ...............।

| | | | |
|---|---|---|---|
| दा | बा | धा | न |
| सी | री | य | क्ष |
| मा | ता | म | द |

## परिवेशीय सजगता — अंक–8

23. **(अ)** अपने विद्यालय को स्वच्छ-सुसज्जित करने के लिए आप क्या करेंगे? 4
**(ब)** सड़क सुरक्षा से आप क्या समझते हो? 4


www.rajteachers.com

Sl. No. :

नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions – 23

No. of Printed Pages – 02

E-हिन्दी

# प्राथमिक शिक्षा अधिगम स्तर, मूल्यांकन पत्रक-2

## कक्षा – 5

## हिन्दी

समय : 2.30 घण्टे ] [ पूर्णांक : 80

**विद्यार्थी हेतु सामान्य निर्देश –**

1. विद्यार्थी सर्वप्रथम अपने नामांक, दिनांक आदि की पूर्तियाँ करें।
2. प्रत्येक प्रश्न हिन्दी विषय के लिये निर्धारित अधिगम क्षेत्र के अनुसार है।
3. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।
4. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर प्रश्न-पत्र में दिये गये निर्धारित स्थान पर ही लिखें।
5. जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।
6. सभी प्रश्नों के अंक उनके सामने अंकित हैं।

**पढ़ना, पढ़कर समझना और लिखना (गद्य)** अंक–22

**● निर्देश– सही उत्तर का क्रमाक्षर कोष्ठक में लिखिए–**

1. वयस्क मताधिकार की न्यूनतम आयु है–
   (अ) 21 वर्ष (ब) 18 वर्ष (स) 23 वर्ष (द) 25 वर्ष ( ) 1
2. स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात सरदार पटेल ने किस पद को सुशोभित किया–
   (अ) गृहमंत्री (ब) वित्तमंत्री (स) प्रधानमंत्री (द) रक्षामंत्री ( ) 1
3. उदयसिंह की देखभाल करती थी–
   (अ) पन्नाधाय (ब) रानी (स) दासी (द) महारानी ( ) 1

**● निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक पंक्ति में दीजिए–**

4. जैसलमेर दुर्ग का निर्माण किसने करवाया? 1
5. 'रेडर' और 'केचर' में अंतर बताइए। 1
6. जीवन की किस घटना ने भगिनी निवेदिता के जीवन को बदल दिया? 1

**● निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

7. सदाचार का हमारे जीवन में क्या महत्व है? 3
8. अच्छे स्वास्थ्य की क्या निशानी है? 3
9. **खंड 'अ' के शब्दों को खंड 'ब' के शब्दों से मिलान कीजिए–** 4

| | खंड 'अ' | खंड 'ब' |
|---|---|---|
| (क) | मार्गेट एलिजाबेथ नोबेल | स्वामी विवेकानंद |
| (ख) | संन्यासी | कर्मयोगी |
| (ग) | समाचार पत्र | वेद की पावन ऋचा |
| (घ) | असतो मा सदगमय | भगिनी निवेदता |

10. तब उस मंत्रीराजा ने कहा, "यही दृश्य जो आप लोग इस समय यहाँ देख रहे हैं, मैंने स्वप्न में देखा था, और तभी मैं स्वप्न में चिल्लाया था, " अहो, मेरा ऐसा भाग्य। " मैंने तब यह बात आप लोगों को बता दी होती तो आप में से कोई भी इसे पूरा न होने देता। हो सकता था कि ईर्ष्या, लोभ और अपमान के वशीभूत आप मुझे मौत के घाट भी उतरवा देते।"
    सच है, अपने मस्तिष्क में जो विचार आएँ, उनकी व्यर्थ चर्चा न करते हुए, उन्हें योजनाबद्ध तरीके से पूर्ण करने में जुट जाना चाहिए। कर्म, कठोरता, लगन और निष्ठा से कोई भी व्यक्ति महान् बन सकता है।



www.rajteachers.com

निम्नांकित प्रश्नों के उत्तर उपर्युक्त गद्यांश को पढ़कर दीजिए– 1½

1. बालक ने अपना स्वप्न पहले किसी को क्यों नहीं बताया? 1½
2. किन गुणों से व्यक्ति महान बनता है? 1½
3. हम अपने विचारों को साकार रूप किस प्रकार दे सकते हैं? 1½
4. बालक स्वप्न में क्या चिल्लाया ?

अंक–13

## पढ़ना, पढ़कर समझना और लिखना (पद्य)

11. पंद्रह अगस्त है– ( ) 1
    (अ) महिला दिवस (ब) शिक्षक दिवस (स) आजादी का दिवस (द) बाल दिवस।
12. 'हम भारत के भरत' कविता में भारतवासियों की किन विशेषताओं को बताया गया है? कोई तीन लिखिए। 3
13. दीपावली का त्यौहार कब और कैसे मनाया जाता है? 3
14. दिए गए शब्दों में से सही शब्द का चयन कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए– 6
    (महकते, मन, मिलकर, रहीम, कुटुम, ज्ञान)
    (i) किताबों में ................ की भरमार है। (ii) साईं इतना दीजिए, जामैं ................ समाय।
    (iii) जो गरीब परहित करें, ते ................ बड़ लोग। (iv) एक दूसरे के सुख - दुख में ..... ..... बैठें हाथ बटाएँ।
    (v) मीठी खीर, सैवेयाँ सबके ................ को भाती हैं। (vi) कभी दहकते, कभी ................ जीते- मरते शान से।

अंक–13

## व्यावहारिक व्याकरण

15. जल का समानार्थी शब्द है– ( ) 1
    (अ) तोय (ब) प्रसू (स) गरल (द) नल।
16. (अ) निम्नलिखित मुहावरों का वाक्य प्रयोग कीजिए– 2
    (i) बाल की खाल निकालना (ii) हाथ-पाँव फूलना।
    (ब) निम्नलिखित शब्दों के लिंग परिवर्तन कर पुनः लिखिए– 2
    (i) राजा (ii) पड़ोसी (iii) पति (iv) रवि
17. (अ) दिए गए वाक्य में से क्रिया व संज्ञा पद छाँटिए– शेर शिकार करता है। 2
    (ब) दिए गए वाक्य में से सर्वनाम व विशेषण पद छाँटिए– यह मीठा गन्ना है। 2
18. (अ) निम्नलिखित शब्दों में से मूल शब्द व उपसर्ग को अलग-अलग कीजिए– 2
    (i) उपग्रह (ii) निर्वासित
    (ब) निम्नलिखित शब्दों में से मूल शब्द व प्रत्यय को अलग-अलग कीजिए– 2
    (i) रहस्यमय (ii) ध्यानपूर्वक

अंक–24

## सृजनात्मक अभिव्यक्ति

19. स्वच्छता विषय पर अध्यापक व छात्रों का संवाद लिखिए। 4
20. निम्नलिखित में से किसी एक कहानी को कल्पना के आधार पर लिखिए– 8
    (अ) भेड़िया और मेमना (ब) घमण्डी बारहसिंगा *अथवा*
    निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर दस पंक्तियों में निबंध लिखिए–
    (अ) रक्षाबंधन (ब) विज्ञान के चमत्कार (स) यदि मैं प्रधानाध्यापक होता (4) अनुशासन
21. क्रिकेट मैच खेलने की अनुमति प्राप्त करने हेतु अपने प्रधानाध्यापक जी को प्रार्थना पत्र लिखिए। 6
22. दिए गए वाक्यों को पढ़कर वर्ग पहेली पूर्ण कीजिए– 6
    (i) हमारे देश का नाम ................ (ii) सत का विलोम ................
    (iii) बहिन का समानार्थक ................ (iv) वजन का समानार्थक ................
    (v) तरल पदार्थ .............. (vi) आँख का पर्यायवाची ..............

| | | | |
|---|---|---|---|
| भा | अ | भ | न |
| र | स | गि | य |
| त | त | नी | न |

अंक–8

## परिवेशीय सजगता

23. (अ) स्वच्छता से आपका क्या आशय है? स्पष्ट कीजिए। 4
    (ब) सड़क पर पैदल चलते समय बरती जाने वाली सावधानियाँ लिखिए। 4

●●



www.rajteachers.com

SI. No. :

नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions – 23

No. of Printed Pages – 02

E-हिन्दी

# प्राथमिक शिक्षा अधिगम स्तर, मूल्यांकन पत्रक-3
# कक्षा – 5
# हिन्दी

समय : 2.30 घण्टे ] [ पूर्णांक : 80

**विद्यार्थी हेतु सामान्य निर्देश –**

1. विद्यार्थी सर्वप्रथम अपने नामांक, दिनांक आदि की पूर्तियाँ करें।
2. प्रत्येक प्रश्न हिन्दी विषय के लिये निर्धारित अधिगम क्षेत्र के अनुसार है।
3. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।
4. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर प्रश्न-पत्र में दिये गये निर्धारित स्थान पर ही लिखें।
5. जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।
6. सभी प्रश्नों के अंक उनके सामने अंकित हैं।

**✦ पढ़ना, पढ़कर समझना और लिखना (गद्य)** अंक–22

**✪ निर्देश– सही उत्तर का क्रमाक्षर कोष्ठक में लिखिए–**

**1.** लोकतांत्रिक सरकार कहते हैं–
(अ) राजा द्वारा चुनी हुई (ब) राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त (स) व्यक्ति द्वारा नामित (द) जनता द्वारा चुनी हुई। ( ) 1

**2.** सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण किसने कराया–
(अ) सरदार पटेल ने (ब) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने (स) पं. जवाहर लाल नेहरू ने (द) महात्मा गाँधी ने ( ) 1

**3.** नवरात्र पर बनवीर ने सारे चित्तौड़ में किसका आयोजन करवाया?
(अ) नाच-रंग का (ब) खेल-कूद का (स) गवरी नृत्य का (द) भजन- गान का। ( ) 1

**✪ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक पंक्ति में दीजिए–**

**4.** गड़ीसर तालाब की क्या उपयोगिता है? 1

**5.** कबड्डी खेल का मुख्य लाभ बताइए। 1

**6.** भगिनी निवेदिता किस देश से भारत आई थीं? 1

**✪ निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**7.** सदाचारी महापुरुष हमारे आदर्श क्यों हैं? 3

**8.** शरीर चुस्त रखने के प्रमुख उपाय बताइए? 3

**9. खंड 'अ' के शब्दों को खंड 'ब' के शब्दों से मिलान कीजिए–** 4

| | खंड 'अ' | खंड 'ब' |
|---|---|---|
| (क) | सदाचार | प्रतिकूल |
| (ख) | ईमानदार | भयभीत |
| (ग) | सम्मान | बेईमान |
| (घ) | निर्भय | अपमान |
| (ङ) | अनुकूल | दुराचार |

**10.** हमारा भोजन भी शुद्ध, ताजा और पौष्टिक होना चाहिए। खुली हुई चीजें, जिन पर मक्खियाँ भिनभिनाती हों, कभी नहीं खानी चाहिए। फल और सब्जियों का उपयोग धोकर ही करने में समझदारी है। खुली चीजें और पहले से काटकर रखे फलों को खाने से बीमार पड़ने का भय रहता है। विद्यालय में मिलने वाली डी वर्मिंग की गोलियों से भी पेट की बीमारियाँ दूर रहती हैं। आयरन की गोलियों से स्वास्थ्य तरोताजा रहता है।"



www.rajteachers.com

निम्नांकित प्रश्नों के उत्तर उपर्युक्त गद्यांश को पढ़कर दीजिए–

1. हमारा भोजन कैसा होना चाहिए? 1½
2. किस प्रकार के खाद्य पदार्थ नहीं खाने चाहिए? 1½
3. विद्यालय में दी जाने वाली गोलियों का उपयोग बताइए। 1½
4. बीमारियों को हम कैसे दूर रख सकते हैं? 1½

## पढ़ना, पढ़कर समझना और लिखना (पद्य) अंक–13

11. 'हम भारत के भरत' कविता के आधार पर हिन्दुस्तान की खानों से निकला है– 1
(अ) हीरा (ब) सोना (स) तेल (द) मोती ( )

12. 'किताबों में साइंस की आवाज है। पंक्ति का क्या आशय है? 3

13. रहीम के अनुसार बड़ा आदमी कौन होता है? 3

14. दिए गए शब्दों में से सही शब्द का चयन कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए– 6
(शहीद, तिरंगा, वीरता, मानवता, गाँठ, भूखा)
(i) मैं भी भूखा ना रहूँ साधु न ........................ जाय।
(ii) टूटे से फिर ना जुड़े, जुड़े .................... पड़ जाय।
(iii) इस धरती के हर मानव का .............................. से नाता जोड़ें।
(iv) वीर ........................... की गाथाएँ हमको याद दिलाती है।
(v) आजादी के दिवस ........................................ घर-घर पर लहराता है।
(vi) साहस और ............................................ अपने, पुरखों की सौगात है।

## व्यावहारिक व्याकरण अंक–13

15. 'आकाश' का समानार्थी शब्द है– 1
(अ) बादल (ब) निस्सीम (स) नभ (द) धरा ( )

16. (अ) निम्नलिखित मुहावरों का वाक्य प्रयोग कीजिए– 2
(i) नमक-मिर्च मिलाना (ii) पीठ दिखाना
(ब) निम्नलिखित शब्दों के लिंग परिवर्तन कर पुनः लिखिए– 2
(i) मोर (ii) शेर (iii) ऊँट (iv) नट

17. (अ) दिए गए वाक्य में से क्रिया व संज्ञा पद छाँटिए– हलवाई भोजन बना रहा है। 2
(ब) दिए गए वाक्य में से सर्वनाम व विशेषण पद छाँटिए– यह चालाक लोमड़ी है। 2

18. (अ) निम्नलिखित शब्दों में से मूल शब्द व उपसर्ग को अलग-अलग कीजिए– 2
(i) अतिशय (ii) अनुक्रम
(ब) निम्नलिखित शब्दों में से मूल शब्द व प्रत्यय को अलग-अलग कीजिए– 2
(i) रक्तिम (ii) खिलाड़ी

## सृजनात्मक अभिव्यक्ति अंक–24

19. आपके विद्यालय में आयोजित खेल प्रतियोगिता के अनुभव को संवाद रूप में लिखिए। 4

20. निम्नलिखित में से किसी एक कहानी को कल्पना के आधार पर लिखिए– 8
(अ) सूर्य और वायु (ब) सोने के अण्डे देने वाली मुर्गी

*अथवा*

निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर दस पंक्तियों में निबंध लिखिए–
(अ) दीपावली (ब) स्वतंत्रता दिवस (स) प्रदूषण (द) स्वच्छ भारत: स्वस्थ भारत

21. अपने को भरत कुमार मानते हुए अपने चाचाजी की शादी में जाने के लिए प्रधानाध्यापक जी के लिए अवकाश हेतु प्रार्थना पत्र लिखिए। 6

22. दिए गए वाक्यों को पढ़कर वर्ग पहेली पूर्ण कीजिए– 6
(i) शहद ......................
(ii) एक खाद्य पदार्थ ............
(iii) समुद्र ......................
(iv) गिनती ......................
(v) कहना ......................
(vi) मन को अच्छा लगने वाला ................

| | | | |
|---|---|---|---|
| म | बो | अ | उ |
| धु | ल | चा | द |
| र | ना | र | धि |

## परिवेशीय सजगता अंक–8

23. (अ) घर की साफ-सफाई में आपका क्या योगदान हो सकता है? लिखिए। 4
(ब) स्कूल की बस में चढ़ते समय क्या-क्या सावधानियाँ रखनी चाहिए? 4


www.rajteachers.com

SI. No. :

नामांक Roll No.

|  |  |  |  |  |  |  |
|---|---|---|---|---|---|---|
|  |  |  |  |  |  |  |

No. of Questions – 23

No. of Printed Pages – 02

**E-हिन्दी**

# प्राथमिक शिक्षा अधिगम स्तर, मूल्यांकन पत्रक-4
# कक्षा – 5
# हिन्दी

समय : 2.30 घण्टे ] [ पूर्णांक : 80

**विद्यार्थी हेतु सामान्य निर्देश –**

1. विद्यार्थी सर्वप्रथम अपने नामांक, दिनांक आदि की पूर्तियाँ करें।
2. प्रत्येक प्रश्न हिन्दी विषय के लिये निर्धारित अधिगम क्षेत्र के अनुसार है।
3. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।
4. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर प्रश्न-पत्र में दिये गये निर्धारित स्थान पर ही लिखें।
5. जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।
6. सभी प्रश्नों के अंक उनके सामने अंकित हैं।

**पढ़ना, पढ़कर समझना और लिखना (गद्य)** अंक–22

**निर्देश– सही उत्तर का क्रमाक्षर कोष्ठक में लिखिए–**

1. स्वामी विवेकानन्द ने ख्याति अर्जित की–
(अ) भारतीय सम्मेलन में (ब) विदेशी सम्मेलन में (स) शिकागो के विश्व धर्म सम्मेलन में (द) राष्ट्रीय सम्मेलन में। ( ) 1
2. कबड्डी से लाभ होते हैं–
(अ) उत्तम स्वास्थ्य (ब) सुगठित शरीर (स) मानवीय गुण (द) उपर्युक्त सभी ( ) 1
3. भारत की किस सीमा पर जैसलमेर स्थित है–
(अ) उत्तरी (ब) पश्चिमी (स) दक्षिणी (द) पूर्वी ( ) 1

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक पंक्ति में दीजिए–**

4. पन्ना धाय की कठोर परीक्षा क्या थी? 1
5. स्वतंत्र भारत के गृहमंत्री बनने पर सरदार पटेल ने कौन-सा कठिन कार्य किया? 1
6. मतदाता सूची में नाम कैसे दर्ज कराते हैं? 1

**निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

7. देशी रियासतों को भारत में क्यों मिलाया गया ? 3
8. कीरत बारी ने किस वंश की आन बचाने को क्या काम किया? 3
9. खंड 'अ' के शब्दों को खंड 'ब' के शब्दों से मिलान कीजिए– 4

| | खंड 'अ' | खंड 'ब' |
|---|---|---|
| (क) | स्वर्ण नगरी | सेवली |
| (ख) | शक्तिस्थल | सम |
| (ग) | कदलीवन धाम | पोकरण |
| (घ) | रेत का समंदर | जैसलमेर |

10. एक बार माँ की ममता ने सिर उठाया और पन्ना बनवीर के सामने गिड़गिड़ाने लगी–"अरे, नीच ! पातकी !! अबोध बालकों की हत्या करके तू क्या बहादुरी बखानता है ? तू उदयसिंह की हत्या न कर । मैं उसे लेकर कहीं दूर चली जाऊँगी । कुछ तो दया कर !" मगर, बनवीर का अट्टहास सुनकर उसका क्षत्रियत्व जाग उठा और वह कटार लेकर बनवीर पर टूट पड़ी । भाग्य दुष्टों का भी साथ दे देता है, खूबी ! बनवीर की बाँह में ही कटार का वार कर बैठी और क्रोध से फुँफकारते हुए उसने पलंग पर सोए बच्चे पर तलवार चला दी । पलंग पर से चीख तक नहीं उठी, माँ के कलेजे को भेदकर जो चीख उठी वह आज भी चित्तौड़ के खण्डहरों में गूँज रही होगी । माँ के मीठे दुलार में सोया हुआ चंदन आज तक भी उस दुलार की छाया में सोया हुआ होगा । खूबी !



www.rajteachers.com

**निम्नांकित प्रश्नों के उत्तर उपर्युक्त गद्यांश को पढ़कर दीजिए—**

1. पन्नाधाय ने क्रूर बनवीर से क्या कहा ? 1½
2. बनवीर के क्रूर अट्टहास को सुनकर पन्ना ने क्या किया ? 1½
3. क्रोध में फुँफकारते हुए बनवीर ने क्या किया ? 1½
4. चित्तौड़ के खण्डहरों में आज भी क्या गूँज रही होगी? 1½

## पढ़ना, पढ़कर समझना और लिखना (पद्य) — अंक–13

11. किताबों में गुनगुनाते हैं— 1
(अ) बम (ब) खेत (स) झरने (द) चिड़ियाँ ( )
12. 'भारत के भरत' से कवि का क्या तात्पर्य है? 3
13. आजादी के दिन तिरंगा हमें क्या याद दिलाता है? 3
14. दिए गए शब्दों में से सही शब्द का चयन कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए— 6
(जीवन मंत्र, मुझसा, संपत्ति, गगन, फुलझड़ियाँ, जय-जयकार)
(i) मन भावों से भर जाता है, माँ की .................... है।
(ii) दीवाली पर दीप-दान ................. खील-बताशे हैं।
(iii) धरा सभी की ......................... सभी का यही प्रेम संदेश सुनाएँ।
(iv) श्रम को ....................... बनाएँ, ऊँच-नीच का भेद मिटाएँ।
(v) कह रहीम परकाज हित ................................ संचहि सुजान।
(vi) जो दिल खोजा आपणा, ................................ बुरा न कोय।

## व्यावहारिक व्याकरण — अंक–13

15. 'बेटा' का समानार्थी शब्द है— 1
(अ) पुत्र (ब) बालक (स) तनु (द) वपु ( )
16. (अ) निम्नलिखित मुहावरों का वाक्य प्रयोग कीजिए— 2
(i) तीन-तेरह होना (ii) दाल में काला होना
(ब) निम्नलिखित शब्दों के लिंग परिवर्तन कर पुनः लिखिए— 2
(i) बेटा (ii) मामा (iii) काला (iv) नर
17. (अ) दिए गए वाक्य में से क्रिया व संज्ञा पद छाँटिए— कछुआ चल रहा है। 2
(ब) दिए गए वाक्य में से सर्वनाम व विशेषण पद छाँटिए— यह ऊँचा घर है। 2
18. (अ) निम्नलिखित शब्दों में से मूल शब्द व उपसर्ग को अलग-अलग कीजिए— 2
(i) उपकूल (ii) अभिशाप
(ब) निम्नलिखित शब्दों में से मूल शब्द व प्रत्यय को अलग-अलग कीजिए— 2
(i) अनाड़ी (ii) रंगीला

## सृजनात्मक अभिव्यक्ति — अंक–24

19. दो छात्राओं के मध्य संवाद लिखिए, जिसमें प्रदूषण की चर्चा की गई हो। 4
20. निम्नलिखित में से किसी एक कहानी को कल्पना के आधार पर लिखिए— 8
(अ) कबूतर और बहेलिया (ब) बिल्ली के गले में घंटी

**अथवा**

निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर दस पंक्तियों में निबंध लिखिए—
(अ) गणगौर मेला (ब) विद्यार्थी जीवन (स) होली (द) सदाचार
21. अपने विद्यालय की साफ-सफाई की उचित व्यवस्था कराने हेतु प्रधानाध्यापक जी को प्रार्थना-पत्र लिखिए। 6
22. दिए गए वाक्यों को पढ़कर वर्ग पहेली पूर्ण कीजिए— 6
(i) जो कभी बूढ़ा न हो ............ (ii) जो कभी न मरे ..................
(iii) जिसका आदि न हो ............ (iv) जिसके आने की तिथि न हो.....
(v) जिसका अंत न हो................ (vi) जो प्रसन्न हो.......................

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | ज | र | मु |
| म | अ | ना | दि |
| र | अ | नं | त |
| अ | ति | थि | क |

## परिवेशीय सजगता — अंक–8

23. (अ) अपने आस-पास स्वच्छता बनाए रखने के लिए आप क्या प्रयास करेंगे? 4
(ब) सड़क-चिह्नों से आप क्या समझते हो?

●●



www.rajteachers.com